# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

पत्रांक–डी0डी0–02–विविध–301/2012 (पार्ट–II) ...........5834 (भ) पटना, दिनांक–..........20/7/23

प्रेषक,

राकेश कुमार,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता (विद्युत सहित),
भवन प्रमंडल,
भवन निर्माण विभाग।

विषयः– प्रधान सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–21.06.2023 को भवन निर्माण विभाग के साथ आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही के अनुपालन के संबंध में।

प्रसंगः– सरकार के उप सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार का ज्ञापांक–1534, पटना, दिनांक–11.07.2023

महाशय,

प्रासंगिक पत्र के माध्यम से प्राप्त प्रधान सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–21.06.2023 को भवन निर्माण विभाग के साथ आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही की छायाप्रति संलग्न करते हुए निदेश दिया जाता है कि उक्त बैठक की कार्यवाही में वर्णित निदेशों का अंक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करें।

अनु0ः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

(राकेश कुमार) 20/7/23
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–............5834 (भ) पटना, दिनांक–................20/7/23

प्रतिलिपिः–सभी संबंधित मुख्य अभियंता (विद्युत सहित)/सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता (विद्युत सहित), भवन अंचल, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/7/23
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 5834 (भ) दिनांक–............. 20/7/23

प्रतिलिपिः–आई.टी. मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20/7/23
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

En-in Chif Letter-S2 dloc

अनु-4

प्रधान सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–21.06.2023 को पूर्वाह्न 11:30 बजे से बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना के साथ आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही:–

बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, भवन निर्माण विभाग एवं बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के माध्यम से अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास के भवन एवं चहारदीवारी निर्माण/जीर्णोद्धार संबंधी कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा की गयी। समीक्षात्मक बिंदु निम्न प्रकार है :–

➢ बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड:–

बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की समीक्षा की गई, जिसकी विवरणी इस प्रकार है–

| क्र. सं. | जिला का नाम | पूर्व माह की स्थिति (18-05-2023) | वर्तमान माह की स्थिति (21-06-2023) | अभ्युक्ति/निदेश |
|---|---|---|---|---|
| | | अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय | | |
| 1 | समस्तीपुर | कार्य पूर्ण एवं हस्तांतरित। | कार्य पूर्ण एवं हस्तांतरित। | – |
| 2 | पूर्णियाँ | फिनिसिंग कार्य प्रगति पर। मई 2023 तक पूर्णता संभावित। | फिनिसिंग कार्य प्रगति पर। जून 2023 तक पूर्णता संभावित। | – |
| 3 | मोकर (सासाराम) | कार्य प्रगति पर। मई 2023 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। जून 2023 तक पूर्णता संभावित। | परिसर में मिट्टी भराई का कार्य नाले के सतह तक कराया जाय। |
| 4 | कंडी नवादा (गया) | कार्य प्रगति पर। अप्रैल 2024 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। अप्रैल 2024 तक पूर्णता संभावित। | प्रशासनिक भवन के कार्य प्रगति के संबंध में भ्रामक रिपोर्ट दिया गया है, कारण स्पष्ट किया जाय। |
| 5 | लकड़ीकोला (बाँका) | कार्य प्रगति पर। अक्टूबर 2024 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। स्थल संबंधी समस्या के कारण विलंब से कार्य प्रारंभ। अक्टूबर 2024 तक पूर्णता संभावित। | चहारदीवारी निर्माण के उपरांत भवन का निर्माण कार्य सहित अपेक्षित वित्तीय प्रगति किया जाय। |
| 6 | संग्रामपुर (मुँगेर) | कार्य प्रगति पर। मार्च 2024 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। मार्च 2024 तक पूर्णता संभावित। | भवन निर्माण में Honeycombing एवं Shuttering की समस्या पायी गई। निर्माण कार्य मानक गुणवत्ता के साथ किया जाय। |
| 7 | महेशबथान (किशनगंज) | कार्य प्रगति पर। फरवरी 2024 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। फरवरी 2024 तक पूर्णता संभावित। | – |
| 8 | मनिका (औरंगाबाद) | कार्य प्रगति पर। जून 2024 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। जून 2024 तक पूर्णता संभावित। | अगले शैक्षणिक सत्र (2024–25) तक सभी भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कर हस्तांतरित कराया जाय। |
| 9 | सिलाव (नालंदा) | कार्य प्रगति पर। जून 2024 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। जून 2024 तक पूर्णता संभावित। | निर्माण कार्य निर्धारित मानक गुणवत्ता के साथ करते हुए ससमय निर्माण कार्य पूर्ण कर हस्तांतरित किया जाय। |

प्राप्ति की तिथि.......
संख्या.......

| क्र. सं. | जिला का नाम | पूर्व माह की स्थिति (18-05-2023) | वर्तमान माह की स्थिति (21-06-2023) | अभ्युक्ति / निदेश |
|---|---|---|---|---|
| 10 | शाहकुंड (भागलपुर) | कार्य प्रगति पर एवं 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण। जून 2024 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। जून 2024 तक पूर्णता संभावित। | भवन निर्माण से संबंधित योग्य अभियंता साईट पर उपस्थित रहें एवं मानक गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाय। |
| 11 | कुमारखंड (मधेपुरा) | कार्य प्रगति पर। मई 2024 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। मई 2024 तक पूर्णता संभावित। | अगले शैक्षणिक सत्र (2024—25) तक सभी भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाय एवं निर्माण स्थल पर निर्माण के दौरान अभियंता उपस्थित रहें। |
| 12 | कुड़वा (प0चंपारण) | कार्य प्रगति पर। जून 2024 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। जून 2024 तक पूर्णता संभावित। | वित्तीय प्रगति के सापेक्ष भौतिक प्रगति बहुत कम पाया गया। उचित होगा कि निर्माण स्थल की समीक्षा उच्च स्तर से कर ली जाय। |
| 13 | सहरसा | कार्य प्रगति पर। भू—खंड का एक भाग समस्याग्रस्त। | कार्य प्रगति पर। भू—खंड का एक भाग समस्याग्रस्त। | जिला पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर समस्याग्रस्त भू—खंड का समाधान कराते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाय। |
| 14 | सारण (छपरा) | उपलब्ध स्थल गड़ढे में है तथा जल— जमाव रहता है। | प्राक्कलन जाँच की प्रकिया में। उपलब्ध स्थल गड़ढे में है तथा जल— जमाव रहता है। स्वीकृत राशि के अतिरिक्त राशि रू० 16.00 करोड़ की माँग की गई। | विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या—62, दिनांक—18.08.2022 द्वारा बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 से प्राप्त तकनीकी पुनरिक्षित प्राक्कलन रू० 50.3651 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी। बावजूद इसके अतिरिक्त राशि रू० 16.00 करोड़ की मांग किया जाना समीचीन प्रतीत नहीं होता है। उचित होगा कि 15 दिनों के अंदर अतिरिक्त राशि के संबंध में औचित्य सहित मंतव्य गठित कर प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध करावें अथवा विद्यालय के भवन निर्माण में असमर्थता की स्थिति में एजेंसी बदलने पर भी विचार किया जा सकता है। |
| 15 | झाझा (जमुई) | प्राक्कलन जाँच की प्रकिया में। | निविदा आमंत्रित। निविदा खोलने की तिथि : 21.07.2023 | शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करते हुए ससमय आवासीय विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर हस्तांतरित करें। |
| 16 | अथमलगोला (पटना) | कार्य आवंटित। ले आउट की प्रक्रिया में। कोई समस्या नहीं। | ले आउट कार्य पूर्ण एवं कंटूरिंग कार्य कराया जा रहा है। 11000 बोल्ट का विद्युत तार गुजर रहा है। जमीन 12 फीट गड्ढे में है। | ऊर्जा विभाग से समन्वय स्थापित कर विद्युत तार को हटाते हुए शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कर ससमय आवासीय विद्यालय भवन निर्माण कार्य पूर्ण कर हस्तांतरित करें। |

| क्र. सं. | जिला का नाम | पूर्व माह की स्थिति (18-05-2023) | वर्तमान माह की स्थिति (21-06-2023) | अभ्युक्ति / निदेश |
|---|---|---|---|---|
| 17 | पटना | प्रशासी विभाग के पत्रांक–446, दिनांक–22.02.2023 द्वारा नया स्थल उपलब्ध होने की सूचना प्राप्त। दिनांक–13.03.2023 को सीमांकन संपन्न। सर्वे संपन्न। परामर्शी द्वारा नक्शा तैयार किया जा रहा है। | निगम के पत्रांक–1917, दिनांक–02.06.2023 द्वारा वास्तुविदीय नक्शा प्रशासी विभाग के अनुमोदन हेतु प्रेषित किया गया था। वर्तमान में निदेशानुसार नक्शे में संशोधन किया जा रहा है। | नक्शा में आवश्यक संशोधन करते हुए विभाग का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु शीघ्र नक्शा उपलब्ध कराया जाय। |
| | | अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास | | |
| 1 | रजौली (नवादा) | कार्य प्रगति पर। अक्टूबर 2023 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। अक्टूबर 2023 तक पूर्णता संभावित। | – |
| 2 | बुधौल (नवादा) | कार्य प्रगति पर। अक्टूबर 2023 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। अक्टूबर 2023 तक पूर्णता संभावित। | – |
| 3 | मधुबनी (पूर्णिया) | कार्य प्रगति पर। सितंबर 2023 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। सितंबर 2023 तक पूर्णता संभावित। | – |
| 4 | बक्सर | कार्य प्रगति पर। नवम्बर 2023 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। नवम्बर 2023 तक पूर्णता संभावित। | – |
| 5 | अरना (गोपालगंज) | कार्य प्रगति पर। नवंबर 2023 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। नवंबर 2023 तक पूर्णता संभावित। | – |
| 6 | मांझा (गोपालगंज) | निविदा आमंत्रित। निविदा खोलने की तिथि : 27.05.2023 | निविदा खोलने की तिथि : 27.05.2023 निष्पादन की प्रक्रिया में। | – |
| 7 | अमरा (अरवल) | निगम के पत्रांक–1662, दिनांक–16.05.2023 द्वारा प्रशासी विभाग से सीमांकन का आग्रह किया गया है। सीमांकन नहीं हो पाया है। | निगम के पत्रांक–1662, दिनांक–16.05.2023 द्वारा प्रशासी विभाग से सीमांकन का आग्रह किया गया है। सीमांकन नहीं हो पाया है। ग्रामीणों द्वारा बाधित किया गया है। | डी0जी0एम0 स्वयं स्थल का निरीक्षण कर सीमांकन कराकर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करावें। |
| 8 | बसंतपुर (अररिया) | कार्य आवंटित। कार्य प्रारंभ नहीं। सीमांकन कराया गया। स्थल लगभग 10 फीट गहरा है। कंटुर कराया गया है। निरुपण की प्रक्रिया में। स्थल लगभग 10 फीट गहरा है | कार्य आवंटित। कार्य प्रारंभ नहीं। सीमांकन कराया गया। स्थल लगभग 10 फीट गहरा है। कंटुर कराया गया है। निरुपण की प्रक्रिया में। स्थल लगभग 10 फीट गहरा है। | निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करावें। |
| 9 | राणा विगहा (नालंदा) | कार्य प्रगति पर। अक्टूबर 2023 तक पूर्णता संभावित। | कार्य प्रगति पर। अक्टूबर 2023 तक पूर्णता संभावित। | निर्माण कार्य की प्रगति अपेक्षित नहीं पायी गई है। नियमित अनुश्रवण करते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करावें। |

267

| क्र. सं. | जिला का नाम | पूर्व माह की स्थिति (18-05-2023) | वर्तमान माह की स्थिति (21-06-2023) | अभ्युक्ति / निदेश |
|---|---|---|---|---|
| 10 | सहरसा | कार्य प्रगति पर। अक्टूबर 2023 तक पूर्णता संभावित। कार्य स्थल आंशिक रुप से अतिक्रमित, जिस कारण से चहारदीवारी कार्य बाधित हो रहा है। | कार्य प्रगति पर। अक्टूबर 2023 तक पूर्णता संभावित। कार्य स्थल आंशिक रुप से अतिक्रमित, जिस कारण से चहारदीवारी कार्य बाधित हो रहा है। आंशिक रुप से अतिक्रमित। | जिला पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर समस्या का समाधान कराते हुए शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाय। |

सभी अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय में 2–2 प्रवेश द्वार बनाया जाय, जिसमें एक अपातकालीन द्वार तथा एक मुख्य द्वार होगा। मुख्य द्वार को भव्य एवं आकर्षक बनाया जाय।

*आवासीय विद्यालय भवनों में फर्नीचर कार्य, स्मार्ट क्लास के लिए वायरिंग (लगभग 40 कम्प्यूटर हेतु), रसायन शास्त्र प्रयोगशाला में बेसिन, A.C. लगाने हेतु वायरिंग, वाटर कुलर हेतु वायरिंग का प्रावधान बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड को ही करना है। सभी भवनों का रंग रोगन एक ही प्रकार का किया जायेगा।*

➢ भवन निर्माण विभागः–

1. भोजपुर, बेगूसराय, गोपालगंज, कैमूर, बक्सर, जहानाबाद, सीवान तथा पू0 चंपारण जिलान्तर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय निर्माण के संबंध में बताया गया कि निविदा प्रक्रियाधीन है। माह जून, 2023 के अंत तक निविदा निष्पादित कर दिया जायेगा।
2. खगड़िया एवं शेखपुरा जिलान्तर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय निर्माण के संबंध में बताया गया कि कार्य प्रारंभ हो गया है।
3. सुपौल जिलान्तर्गत 520 आसन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय निर्माण के संबंध में बताया गया कि तकनीकी मूल्यांकन की प्रक्रिया में है।
4. पटना जिला में निर्मित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास भवन में एक अतिरिक्त तल के निर्माण के संबंध में पाया गया कि निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है।

   भवन निर्माण विभाग निर्धारित समय–सीमा के भीतर जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास भवन का निर्माण कार्य पूर्ण करावें ताकि अनावश्यक विलंब एवं अतिरिक्त वित्तीय बोझ से बचा जा सके।
5. शेखपुरा जिलान्तर्गत जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास का मरम्मति/जीर्णोद्धार कार्य के संबंध में अवगत कराया गया कि 30 जून, 2023 तक कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

   मरम्मति कार्य निर्धारित मानक गुणवत्ता को ध्यान में रखते सबसे पहले PHE तथा बिजली कनेक्शन का कार्य सम्पादित करावें, तत्पश्चात् सिविल कार्य कराया जाय, जिससे कि स्नानागार, शौचालय एवं भवन की फिनिशिंग अच्छी होगी।
6. भागलपुर जिलान्तर्गत जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास के मरम्मति/जीर्णोद्धार कार्य के संबंध में अवगत कराया गया कि 23 जुलाई, 2023 तक कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा।

   सामग्री का प्रयोग Specification के अनुसार ही किया जाय। शौचालय में नल एवं विद्युत कनेक्शन सतह के अंदर (Under Surface) कराया जाय। साथ ही, किचेन में 2 X 2 फीट आकार के टाईल्स एवं ग्रेनाईट का स्लैब लगाया जाय।
7. औरंगाबाद, गया तथा लखीसराय जिलान्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास निर्माण के संबंध में बताया गया कि तकनीकी स्वीकृति की प्रक्रिया में है।
8. मधुबनी, वैशाली तथा सीतामढ़ी जिलान्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास निर्माण के संबंध में बताया गया कि अनुमोदित नक्शा मुख्य अभियंता (निरूपण) को भेजा गया है।
9. लखीसराय जिलान्तर्गत जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास के चहारदीवारी के संबंध में दोनों छात्रावासों के चहारदीवारी निर्माण कार्य एक साथ करा लिया जाय।
10. अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, बेगूसराय में प्लास्टर दीवार से छूट कर गिर रहें है जबकि छात्रावास का जीर्णोद्धार कार्य कुछ ही समय पूर्व किया गया है।

    सभी छात्रावासों के निर्माण एवं मरम्मति के दौरान बेसिन से जल निकासी/ड्रेनेज पाईप की समुचित व्यवस्था की जाय, ताकि अवशिष्ट पानी का फैलाव/जल जमाव भवन के आंतरिक एवं बाह्य परिसर में न हो।

*अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास के भवनों का निर्माण कार्य तथा मरम्मति/जीर्णोद्धार हेतु भवनों में विद्युत वायरिंग/स्नानागार, टाईल्स का स्लैब, शौचालय के फिटिंग्स आदि के विशिष्टियों (Specification) को प्रचारित (Circulate) कराया जाय ताकि कार्य पूर्णता के पश्चात् इसका सत्यापन किया जा सके।*

➢ <u>बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड:–</u>

1. दरभंगा स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास निर्माण के संबंध में अवगत कराया गया कि निर्माण कार्य अंतिम चरण में है एवं बिजली का कनेक्शन किया जा रहा है।

   भवन निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का फिटिंग्स उचित नहीं होने के कारण नाराजगी व्यक्त की गई। अतः भवन निर्माण के क्रम में अच्छी/मानक गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग किया जाय।
2. शिवहर एवं लखीसराय स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास निर्माण के संबंध में अवगत कराया गया कि निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।

   विधिवत् हस्तांतरण की कार्रवाई पूर्ण कराकर अनुपालन प्रतिवेदन विभाग को शीघ्र उपलब्ध करावें।
3. खगड़िया स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास के संबंध में अवगत कराया गया कि निर्माण कार्य प्रगति पर है। सितम्बर, 2024 तक कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। चहारदीवारी के निर्माण में Geo-Grid प्रणाली का प्रयोग किया जाय।
4. सिवान स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास निर्माण के संबंध में अवगत कराया गया कि निर्माण कार्य प्रगति पर है। जुलाई, 2023 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने की संभावना व्यक्त की गयी।

सभी संबंधित छात्रावास के चहारदीवारी का त्रुटि निराकरण कराते हुए नवीनतम फोटोग्राफ सहित अनुपालन प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया जाय।

*जिस आवासीय विद्यालय भवन/छात्रावास भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया हो अथवा पूर्ण होने की स्थिति में हो, वहाँ ऑडिटोरियम, सभाकक्ष, कम्प्यूटर प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास एवं पुस्तकालय के लिए फर्नीचर, विद्युत कनेक्शन एवं इंटरकॉम आदि का कार्य पूर्ण होने के उपरांत ही भवन को हस्तांतरित किया जाय। भवन का रंग संयोजन एक जैसा तथा मानक गुणवत्ता सहित कराया जाय।*

सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।

11/07/2023
(पंकज कुमार)
प्रधान सचिव।

ज्ञापांक–पि0व0/आ0क0वि0नि0एवं जी0–37–04/2021– 1534 पटना, दिनांक– 11/07/2023

प्रतिलिपिः–सचिव, भवन निर्माण विभाग/प्रबंध निदेशक/महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

11/07/23
उप सचिव।

ज्ञापांक–पि0व0/आ0क0वि0नि0एवं जी0–37–04/2021– 1534 पटना, दिनांक– 11/07/2023

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव के आप्त सचिव/विशेष सचिव कोषांग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

11/07/23
उप सचिव।